## सार-समाचार

### 200 किलो लापसी व भोजन बांटा

**जालोर.** (कासं)। महाशिवरात्रि शोभायात्रा आयोजन समिति, जालोर द्वारा आज सेवा एवं सद्भावना के उद्देश्य से विभिन्न गौशालाओं एवं छात्रावासों में खाद्य सामग्री एवं भोजन वितरण का आयोजन किया गया। समिति प्रवक्ता कानाराम मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि शोभायात्रा आयोजन में प्राप्त सहयोग राशि से जालोर शहर की विभिन्न गौशालाओं में बीमार एवं असहाय गौवंश के लिए लगभग 200 किलोग्राम लापसी तैयार करवाई गई। यह लापसी श्री महावीर जीवदया गोशाला, चामुण्डा माता गोशाला, गो रक्षक गोशाला लेटा एवं रणछोड नगर गौशाला में पहुंचकर विधिवत रूप से वितरित की गई। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से संचालित पीडति छात्रावासों में अध्ययनरत लगभग 400 बच्चों को भोजन भी करवाया गया। समिति सदस्यों ने घुमंतू छात्रावास, मूकबधिर छात्रावास एवं एड्स पीडति छात्रावासों में पहुंचकर जालोर, गोदन एवं आहोर क्षेत्र में भोजन वितरण कर बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। इस पुण्य कार्य में आयोजन समिति के अध्यक्ष बंशीलाल सोनी, नरपतराज भंडारी, अशोक गुर्जर एवं सावलाराम माली सहित अन्य सदस्यों ने स यि सहयोग प्रदान किया। समिति ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाजसेवा के कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### महंत प्रतापपुरी ने ओरण का महत्व बताया

**पोकरण,** (नि.सं.)। पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी ने कहा है कि ओरण केवल भूमि का टुकडा नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और आजीविका का केंद्र बिंदु है। सदियों से ग्रामीण समाज में ओरण भूमि धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और पशुधन पालन का आधार रही है। विधायक महन्त प्रतापपुरी के सतत प्रयासों के फलस्वरूप पोकरण विधानसभा क्षेत्र के पटवार मंडल दिधु गांव की 22 हजार 33 बीघा ओरण भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की प्र िया प्रारंभ हो चुकी है। इस ऐतिहासिक पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि ओरण भूमि के संरक्षण से न केवल पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा, बल्कि पशुपालकों और ग्रामीणों की आजीविका भी सुरक्षित होगी। मरुस्थलीय क्षेत्र में ओरण भूमि जैव विविधता, वनस्पति संरक्षण और पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की मंशा है कि पारंपरिक गोचर और ओरण भूमि को अति मण से मुक्त कर संरक्षित किया जाए, ताकि आने वाली पीढयों को भी इसका लाभ मिल सके। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक महन्त प्रताप पुरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### नवीन पंचायतों से होगा विकास : पूराराम

**भीनमाल**, (निसं)। भीनमाल के निकटवर्ती बागोडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेवडी से अलग होकर नवगठित मामाजी नगर ग्राम पंचायत का शनिवार को पूर्व विधायक पूराराम चौधरी व भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। भीनमाल विधानसभा क्षेत्र की नवसृजित ग्राम पंचायत मामाजी नगर के उद्घाटन समारोह में कई लोगों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की। इस मौके पर विधायक पूराराम चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नवीन ग्राम पंचायतों का सृजन ग्रामीण विकास को गति देने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर प्रदान करने और जनप्रतिनिधित्व को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि नव सृजित ग्राम पंचायतों से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, योजनाओं का प्रभावी ि यान्वयन तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि निस्संदेह, यह निर्णय विकास के नव आयाम स्थापित करेगा और ग्रामवासियों को अनेक सौगातों से लाभान्वित करेगा। इस अवसर पर सेवडी सरपंच माधुसिंह चौहान, पंचायत समिति सदस्य भंवरलाल विश्नोई (पंचायत समिति सदस्य-बागोडा), भाजपा किसान नेता हीराराम चौधरी, भाजपा नेता मनोज गुप्ता सहित बडी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### प्लॉट रजिस्ट्री के नाम पर ठगी

**जालोर**,(का.सं.)। प्लॉट की रजिस्ट्री कराने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, पीडति अर्जुन सिंह पुत्र उगम सिंह राजपूत (उम्र 52 वर्ष) निवासी नया खेडा हाल निवासी बबलाव, तहसील सुमेरपुर, जिला पाली ने बताया कि 30 जनवरी 2023 को उसने राजेन्द्रनगर के पास स्थित एक प्लॉट खरीदने के लिए सौदा किया था। आरोप है कि प्लॉट वि ेता जवंत सिंह और उनकी पत्नी पवन कंवर ने रजिस्ट्री कराने का भरोसा देकर उससे किस्तों में रकम ली। पीडित के अनुसार, पहले 1 लाख रुपये, फिर 8 लाख रुपये तथा बाद में 5 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करवाए गए। इस प्रकार कुल 14 लाख रुपये लेने के बावजूद आरोपियों ने न तो प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई और न ही रकम वापस की। बार-बार आग्रह करने के बावजूद कोई समाधान नहीं होने पर पीडति ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ धोखाधडी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अमृता हाट मेले के पोस्टर का विमोचन

**जालोर**, (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने रविवार को नगर परिषद परिसर जालोर में आयोजित समारोह में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 27 फरवरी तक भगतसिंह स्टेडियम, जालोर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अमृता हाट मेले के पोस्टर का विमोचन किया। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह सिलोर ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूह एवं उद्यमी महिलाओं द्वारा तैयार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने व आर्थिक संबलता प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा जिले में 23 से 27 फरवरी, 2026 तक अमृता हाट का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न जिलो के स्वयं सहायता समूहों की 50 स्टॉल लगाई जायेगी। मेले में मूंग पापड़, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, रेडीमेंड गारमेंट, श्रृंगार सामग्री, आचार, हैण्डीक्राफ्ट जैसे कई उत्पाद उचित दर पर उपलब्ध होंगे।

### फागोत्सव स्नेह मिलन समारोह हुआ

**जालोर**,(का.सं.)। जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित स्वीट भवन में रविवार को फागोत्सव व स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्या भारती संस्था की निदेशक मधु बाला भाटी ने बताया कि जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित स्वीट भवन में फागोत्सव स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें स्वीट भवन में जालोर शहर के सभी मोहल्ले से आई महिलाओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी महिलाएं संग के ताल पर मिलकर होली के गाने गाए। उसके बाद कुछ महिलाओं ने राधा कृष्ण का रोल प्ले कर अलग अलग नृत्य भी किया। वहीं उसके बाद सभी मिलकर होली के गाने पर मिलकर झूमे और संगीत किया। उसके बाद मधु बाला भाटी अभी आगंतुक महिलाओं के साथ गुलाल और पुष्पों को बहा कर सभी से होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। अंत में सभी महिलाओं को मधु बाला भाटी का मुंह मीठा करा धन्यवाद और आभार व्यक्त किया और एक दूसरे को होली पर्व की बधाईयां दी।

### नखत बन्ना धाम में फाग महोत्सव मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। मंडोर कृषि मंडी रोड हनुमान कॉलोनी स्थित नखत बन्ना धाम में फागुन शुद्धि चांदनी पांचम, रविवार को भक्तों द्वारा फाग महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। माजीसा युवा सेवी संस्थान अध्यक्ष उम्मेद सिंह ने बताया हर साल की तरह इस साल भी धाम पर भक्तों द्वारा धूमधाम से फाग महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नखत बन्ना वह मा भटियाणी के झाड़ छल कवर ने नखत बन्ना और माजीसा की तस्वीर पर पुष्प से होली खेलाई वह सर्वप्रथम भजन सम्राट स्व नवरतन सिंह रावल, की तस्वीर पर फूलों की वर्षा की। सब श्रद्धांलू भक्ति में झूम उठे तथा पुष्प से होली खेली। इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र नागर, जितेंद रावल, गिरवर सिंह राठौड़, उमेश रावल, यशवर्धन रावल आदि अनेक भक्त उपस्थित थे।

### फिजियोथैरेपी एक्यूप्रेशर शिविर जारी

**जोधपुर**, (कासं)। स्व. राजकुमार सिंह भण्डारी मेमोरियल ट्रस्ट एवं दिव्यालोक सेवा संस्थान के तत्वावधान में संस्थान के संस्थापक एवं स्वर्गीय राजकुमार सिंह भण्डारी की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क फिजियोथैरेपी एवं एक्यूप्रेशर शिविर के दूसरे दिन 175 रोगियों का उपचार किया गया। संस्थान की सेंटर प्रभारी संजुलता गौड़ ने बताया कि उपचार व जांच के लिए चार सौ से अधिक लोगो ने रजिस्ट्रेशन करवाया।

# राज्य सरकार आधारभूत संरचना को सशक्त कर रही : गर्ग

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर व सायला में रविवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह सम्पन्न हुआ। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने नगर परिषद परिसर जालोर में आयोजित समारोह में जालोर क्षेत्र में विधायक स्थानीय विकास निधि योजना के तहत 192.79 लाख की लागत से 19 कार्य व राज्य/केन्द्र वित्त आयोग द्वारा पोषित 1172.26 लाख के 315 कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण किया। वही पंचायत समिति परिसर सायला में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत पंचायत समिति सायला क्षेत्र में 504.14 लाख के 55 कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में नागरिकों के लिए आधारभूत संरचना को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इसी क्रम में आधारभूत संरचना में सम्मिलित शिक्षा, सड़क, बिजली एवं पेयजल हेतु सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, अटल प्रगति पथ, पीएम कुसुम योजना सहित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभान्वित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित से जुड़ी समस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण कर रही हैं तथा राज्य के प्रत्येक नागरिक के विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2015 में शुरू किए गए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिक को घर पर ही संचार उपकरणों के माध्यम से डिजिटल सुविधाओं यथा-दिव्यांग प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ट्रेवल टिकट बुकिंग, स्टूडेंटस हेतु ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरना आदि का लाभ मिल रहा हैं।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार "इज ऑफ डूइंग बिजनेस" के ध्येय वाक्य पर कार्य करते हुए विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने हेतु राइजिंग राजस्थान के माध्यम से राज्य में नव उद्योगों को स्थापित करने तथा नव रोजगार सुरक्षित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंच गौरव कार्यक्रम के माध्यम से वनस्पति, खेल, पर्यटन स्थल, उद्योग का संरक्षण सुनिश्चित कर रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु निर्बाध रूप से बिजली एवं जल उपलब्ध करवाया जा रहा है।

महिला सशक्तीकरण के लिए .षि सखी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी जैसी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ पात्र नागरिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम से जोड़ा गया है तथा गिव-अप अभियान के अंतर्गत अपात्र लोगों का नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की सूची से हटवाया जा रहा हैं।

जालोर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज राजपुरोहित, जालोर विकास अधिकारी प्रदीप मायला, नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर, भवानी सिंह बाकरा, दीपसिंह धनानी, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, पुखराज विराणा, सुरेश सुन्देशा, महेश भट्ट, प्रेमाराम देवासी, छगन माली, एसीबीईओ जबरसिंह देवड़ा, सरदार सिंह चारण सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक, स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं लोग उपस्थित रहे।

वहीं सायला के कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज राजपुरोहित, सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, सायला विकास अधिकारी गौरव विश्नोई, ढोमी देवी, भवानी सिंह बाकरा, दीपसिंह धनानी, पुखराज विराणा, रामप्रकाश चौधरी, नाथूसिंह तीखी, भंवरसिंह थलूण्डा, रघुनाथ पुरोहित, तुलसाराम चौधरी, जयंतीलाल माली, गणपत सिंह बगेड़िया सहित विभागीय अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सीमेंट मिक्सर वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**भीनमाल**, (निसं)। पुलिस थाने से चंद मीटर की दूरी पर करडा चार रास्ता के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सडक हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई।

सडक पर तेज रफ्तार से दौड रहे सीमेंट मिक्सर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया मगर दौरानट्ठएट्ठइलाज उसने दम तोड दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नरेश कुमार (30 वर्ष) पुत्र मोहनलाल विश्नोई, निवासी धमाणा का गोलिया (मूल सांचौर क्षेत्र) हाल क्षेमंकरी माता मंदिर के आगे भीनमाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नरेश कुमार बाइक से शहर की ओर आ रहा था। करडा चार रास्ता के पास अचानक पीछे से आए सीमेंट मिक्सर वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी तुरंत ही मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल नरेश को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

नरेश कुमार पांच बहनों का इकलौता भाई था। करीब तीन दशक पहले नरेश का परिवार भीनमाल आकर बस गया था। छह साल पहले उसकी शादी हुई थी और उसकी दो छोटी बेटियां हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी नरेश के कंधों पर थी। उसके असमय निधन से परिवार पर मानो दुखों का पहाड टूट पड़ा है। परिजनों के मुताबिक नरेश मुंबई में अपने जीजा के साथ काम करता था। वह एक दिन पहले ही घर आया था और रविवार को वापस मुंबई लौटने वाला था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। अचानक हुई इस घटना से माता-पिता, पत्नी और दो मासूम बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। नरेश के असमय निधन से समाज व क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

## 1.25 किलो सोने के गहनों की लूट के दो आरोपी पकड़े

**पाली**, (नि.सं.) पाली जिले के फालना में हुए 1.25 किलो सोने के गहनों की लूट का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोने के गहनों की अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है। घटना 6 फरवरी, को बेडल से पैरवा रोड पर हुई थी।

प्रेसवार्ता में मीडिया को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैन सिंह महेचा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक की पहचान हितेश जणवा चौधरी पुत्र रताराम निवासी खुडाला के रूप में हुई है, जो पीड़ित व्यापारी की दुकान पर कुछ समय पहले तक काम कर चुका था। और बापर्दा मुकेश कुमार पुत्र भगवाना राम निवासी सिंदरु को भी गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस के अनुसार, हितेश ही इस लूट की वारदात का मास्टरमाइंड है। इस मामले में फालना पुलिस और साइबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। बाली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैन सिंह महेचा के निर्देश पर एक टीम गठित की गई जिसमें सीओ पारस राम चौधरी के निर्देशन में थानाधिकारी फालना, विक्रम सांदू और साइबर सेल, पाली के प्रभारी गौतम आचार्य की टीमों ने अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया की घटना 6 फरवरी को हुई थी जब सादड़ी निवासी प्रार्थी जगाराम फालना से शिवगंज जा रहे थे। बेडल और पैरवा के बीच एक कार में सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर जगाराम का अपहरण कर लिया और रास्ते में उनसे लगभग 1 किलो 250 ग्राम सोने के गहने लूट लिए। लूटे गए गहनों की वर्तमान कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। वारदात के बाद, बदमाशों ने जगाराम को तखतगढ़-आहोर के बीच एक सुनसान इलाके में छोड़ दिया और वहां से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस की 8 टीमें बनाई गई।

इन टीमों ने फालना से लेकर मुबंई तक हाइवे पर सीसीटीवी फुटेज चेक किए। इस कार्रवाई में मुंबई की क्राइम ब्रांच ने भी पुलिस की मदद की।

पुलिस की इन टीमों ने तकनिकी विशलेषण और ग्राउंड लेवल पर इंटेलिजेंस की मदद से रेल्वे स्टेशन फालना से साण्डेराव, सुमेरपुर, शिवगंज, तखतगढ़, सांचौर, अहमदाबाद, बडौद व मुंबई तक करीबन 15 दिनों तक छानबिन की जिसके बाद आरोपियों की पहचान कर वारदात का खुलासा किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैन सिंह महेचा ने बताया इस वारदात में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों और लूटे गए माल की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास जारी है। मुख्य आरोपी हितेश की इस लूट का मास्टरमाइंड है जो कुछ समय पहले तक व्यापारी जगाराम की ज्वेलरी की दुकान पर काम करता था।

## गौ माता को लापसी भोग एवं पूजन संपन्न

**पाली,** (नि.सं.)। नन्दी गौशाला राजेंद्र नगर विस्तार पाली स्थित पावन फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में वैष्णव समाज (चसं)वेलफेयर सोसाइटी जिला पाली के तत्वावधान में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से गौ माता को लापसी भोग अर्पित कर विधिवत पूजन किया गया।

सूरज की पहली किरण के साथ,गौ माता पूजन का हो हर प्रभात ,उगते सूरज की पवन वेला, सजे धज्जे पुरुष महिलाए हाथ में पूजन थाली लेकर,मन में आस्था भक्ति भाव का उमड़ता सैलाब पंडित लेखराज तिवारी द्वारा मंत्रोचार, पक्षियों के कलरव,उछल कूद करते बछड़े,मंदिरों में आरती की गूंज, राहों पर चहलकदमी इस तरह के भक्तिमय माहौल में उपस्थित गौभक्तों ने ईश्वर वंदन व आरती कर समस्त प्राणियों के कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में समाज के लोग, मातृशक्ति एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौमाता का कंकू से तिलक लगाकर,चुनरी ओढ़ाकर गुड़ का प्रसाद खिलाकर दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजा की।

## 194 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद

**भीनमाल**, (निसं)। जालोर जिले के भीनमाल थाना क्षेत्र में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 194 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया है।

मादक पदार्थ 10 प्लास्टिक कट्टों में भरा मिला, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान तस्कर क्रेटा कार को खेतों में छोडकर फरार हो गया।

पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार, एटीएस एवं एएनटीएफ ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भीनमाल क्षेत्र से डोडा-चूरा सप्लाई की सूचना मिलने पर टीम को सक्रिय किया गया था। जिसमें सूचना के आधार पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने भीनमाल से पुनासा रोड पर नाकाबंदी की। इसी दौरान भीनमाल की ओर से आती एक संदिग्ध क्रेटा कार को रुकवाने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन की गति बढा दी और भागने लगा।

टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब दस किलोमीटर तक पीछा किया। इस दौरान स्टॉप स्टिक का उपयोग कर कार के टायर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, फिर भी चालक ने वाहन नहीं रोका। अंततः तस्कर कार को खेतों में ले गया और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

## सोनार किले के पास इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट सेवा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। शहर के ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध सोनार किला के आसपास पर्यटकों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जैसलमेर नगरपरिषद ने इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट सेवा की शुरुआत की है।

नई व्यवस्था से किले के आसपास यातायात का दबाव कम होगा। पर्यटकों को सुगम, सुरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त आवागमन की सुविधा मिलेगी।

नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार, यह सेवा विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग पर्यटकों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी। गोल्फ कार्ट निर्धारित रूट पर संचालित होंगी और किले के मुख्य प्रवेश द्वार से प्रमुख दर्शनीय स्थलों तक पर्यटकों को पहुंचाएंगी। इस पहल का उद्देश्य किले के आसपास बढ़ते वाहनों के दबाव को कम करना, संकरी गलियों में जाम की समस्या से राहत दिलाना तथा ध्वनि और वायु प्रदूषण पर नियंत्रण करना है। प्रशासन का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से ऐतिहासिक धरोहर की संरक्षा में भी मदद मिलेगी।

नगरपरिषद ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए टिकट दरें किफायती रखी गई हैं और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है। आने वाले समय में आवश्यकता के अनुसार कार्ट की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है।

स्थानीय नागरिकों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शहर के पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है।

## जोधपुर-बेंगलुरु ट्रेन परिवर्तित नंबर से चलेगी

**जोधपुर**, (कासं)। सुपरफास्ट श्रेणी में क्रमोन्नत किए जाने के बाद जोधपुर-बेंगलुरु द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस अब नए नंबरों के साथ संचालित होगी। सोमवार को बेंगलुरु से प्रस्थान करने वाली ट्रेन भी परिवर्तित नंबर से चलेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि रेल प्रशासन ने ट्रेन संख्या 16507/16508 जोधपुर-बेंगलुरु-जोधपुर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस के नंबरों में परिवर्तन किया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 16507 जोधपुर-बेंगलुरु एक्सप्रेस 26 फरवरी गुरुवार से नए सुपरफास्ट नंबर 20693 के साथ संचालित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 16508 बेंगलुरु-जोधपुर द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस 23 फरवरी सोमवार से बेंगलुरु से परिवर्तित सुपरफास्ट नंबर 20694 के साथ चलेगी। यह ट्रेन जोधपुर से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक गुरुवार और शनिवार तथा बेंगलुरु से सोमवार और बुधवार को संचालित होती है।

## बोरानाडा में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को ग्राम पंचायत बोरानाडा में 352.37 लाख रूपये के 14 विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 131 वें एपिसोड को सुना।

पटेल ने कहा हमारे भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सर्वस्पर्शी विकास को समर्पित ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) के तहत 5 हजार करोड़ रूपये की लागत से पेरी अर्बन एरिया के 6 हजार 245 गांवों में चरणबद्ध रूप से पेयजल आपूर्ति संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।

विधि मंत्री ने कहा जोजरी पुनरुद्धार के लिए ट्रीटेड जल से सिंचाई एवं जोधपुर जिले की औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए प्रथम चरण में 50 करोड़ रुपये के कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा जोजरी, लूणी एवं बांडी नदी में गिरने वाले ट्रीटेड वाटर को पाइप लाइन द्वारा पचपदरा रिफाइनरी तक पहुंचाने के लिए डीपीआर बनायी जायेगी।

पटेल ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को बोरानाडा में समुचित जलापूर्ति के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों बोरानाडा में सीवरेज लाइन के लिए आवश्यक सर्वे करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा बोरानाडा पीएचसी भवन के लिए भूमि आवंटन शीघ्र किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए नवसृजित ग्राम पंचायत बासनी सिलावटा और धन्ना भगत नगर के ग्रामीणों ने संसदीय कार्य मंत्री का भव्य स्वागत किया।

साथ ही, बोरानाडा आबादी विस्तार की सौगात मिलने पर ग्रामीणों ने संसदीय कार्य मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बासनी सिलावटा से पीपली चौराहे तक रोड लाइट कार्य (17 लाख रूपये), बोरानाड़ा से बासनी सिलावटा तक रोड लाइट (22.30 लाख रूपये), बोरानाड़ा से बासनी सिलावटा तक सीसी सड़क (138.55 लाख रूपये), बासनी सिलावटा से पीपली चौक तक सीसी सड़क (100.77 लाख रूपये), विधायक निधि एवं मनरेगा कन्वर्जेंस के 3 कार्य (30 लाख रूपये), ग्राम पंचायत के 6 कार्य (27.75 लाख रूपये) है।

कार्यक्रम में प्रशासक बिदामी देवी, जिला परिषद सदस्य चैनाराम पटेल, राजेंद्र प्रसाद मेघवाल,पूर्व प्रधान तुलसीराम मेघवाल, छोटू सिंह राठौड़ गुमानराम देवासी, श्रवण पटेल, राकेश बिश्नोई, रावतराम बिंजारिया, गिरधारी लाल, उपखंड अधिकारी हसमुख कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा की कार्यशाला हुई

**पाली**, (नि.सं.)। संत गुलारामजी महाराज आश्रम लाबिया में भाजपा पाली जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी की अध्यक्षता मे कार्यशाला आयोजित हुई।

पंचायत चुनाव की तैयारी जमीनी स्तर पर तैयारी करने के दिशा निर्देश दिये गए। इस अवसर पर जिला प्रभारी शयाम शर्मा ने कहा कि पाली जिला भारतीय जनता पार्टी का गढ़ है। प्रत्येक बूथ स्थर का कार्यकर्ता मजबुत है। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाऐं आमजन तक पहुंच रही है। सुनिल भंडारी ने कहा कि जिला परिषद व पंचायत समिती चुनाव प्रबंधन को बूथ स्थर पर मजबुत करें। सोजत विधायक शोभा चौहान, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, जिला महामन्त्री दिग्विजयसिंह राठौड, भरत त्रिवेदी, नारायण कुमावत ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में पूर्व प्रधान, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर देविलाल मेघवाल, पकज चौधरी, हेमन्त गादाना, कन्यालाल ओझा, मनोहर कंवर, पूर्व जिला उप प्रमुख जगदीश चौधरी सहित कई जने उपस्थित रहे।

## 'भगवान शिव सबकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं'

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के माणकलाव में नागेश्वर महादेव मंदिर के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अन्तर्गत चल रही शिवमहापुराण कथा के आठवें दिन रविवार के दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

अन्तर्राष्ट्रीय संत दिव्य मोरारी बापू ने शिव महापुराण का वाचन करते कहा कि भगवान शिव सबकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। उन्होंने आज महाराज दक्ष द्वारा चन्द्रमा को श्राप देने, चन्द्रमा को क्षय रोग हो जाने, ओंकारेश्वर भगवान के प्रक्ट्यय सहित अनेक प्रसंगों की बहुत ही सुन्दर व्याख्या की। उन्होंने कहा कि जीवन में विवेक होना अति आवश्यक है। सत्संग से विवेक की प्राप्ति होती है। दो-चार दिनों के लिए यदि हमें अचानक बाहर गांव जाना पड़े तो भी मार्ग के कष्टों से बचने के लिए हम पहले से तैयारी कर लेते हैं।

किन्तु जीवन में एक न एक दिन हमें इस संसार से जाना है,इस निश्चित यात्रा के लिए हम कोई तैयारी नहीं करते, यह कितने आश्चर्य की बात है। उन्होंने कहा जीवन भर इकट्ठा की गई सम्पत्ति अन्त समय किसी काम में आने वाली नहीं है। उस समय तो केवल भलाई व परोपकार के काम ही उपयोगी बनते हैं।

इतना जानते हुए भी हम सब जीवन के अन्त में व्यर्थ सिद्ध होने वाली संपत्ति को इकट्ठा करने में ही जीवन गंवा देते हैं- और जीवन के अन्तिम क्षणों में काम आने वाले भलाई के कामों की ओर ध्यान ही नहीं देते। उन्होंने कहा कि मान-अपमान में मन को शान्त रखना, सबसे महान पुण्य कार्य है। तीर्थ की पवित्र भूमि में किया गया सत्कर्म अधिक श्रेयस्कर होता है।

संत घनश्याम दास महाराज के सानिध्य में आयोजित शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ मंगलाचरण आरती से किया गया। मुख्य यजमान श्याम झंवर ने परिजनों के साथ आरती का लाभ मिला। संत दिव्य मोरारी बापू ने कर्णप्रिय भोजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। संत घनश्याम दास महाराज ने बताया कि कथा की पूर्ण आरती पर संत दिव्य मोरारी बापू का अभिनन्दन किया गया। का शुभारंभ 14 फरवरी को हुआ था।

## ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान, जयपुर के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के सुगम एवं सुचारू संचालन के उद्देश्य से निर्वाचन संबंधी विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन, मतपेटी संबंधी प्रशिक्षण तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण रविवार को आयोजित किया गया।

जोधपुर जिले की 23 पंचायत समितियों के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रत्येक ब्लॉक (पंचायत समिति) से 4 को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया।

मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर पॉलिटेक्निक में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की प्रभारी अधिकारी श्रीमती चंचल वर्मा ने उपस्थित को पंचायत चुनाव के दौरान भरे जाने वाले प्रपत्रों को सुव्यवस्थित रूप से भरने तथा उन्हें नियमानुसार उपयुक्त लिफाफों में सुरक्षित बंद करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्र

ाशिक्षण प्रकोष्ठ की सह प्रभारीकंचन राठौड़ ने प्रतिभागियों को गहनता एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण ठाहण करने का आहवान किया।

सह-प्रभारी एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कमल व्यास ने नाम निर्देशन, मतदान प्रक्रिया, मतगणना तथा उपसरपंच निर्वाचन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों सहित विभिन्न मॉड्यूल की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सर्व विरेन्द्र शर्मा, प्रिन्स व्यास, शेखर पुरोहित, रामलाल, राजेश डी. पुरोहित, सुरज प्रकाश लखारा, डॉ. राजूराम, ललित कुमार, प्रदीप खत्री एवं दिनेश सेवग द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 84 ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया।

अनुपस्थित रहने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## शिलान्यास आज

जोधपुर, (कासं)। शहर विधायक अतुल भंसाली की अनुशंसा पर जोधपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये की लागत से 14 सड़कों के निर्माण/पुनर्निर्माण कार्यों का शिलान्यास सोमवार को होगा।

शहर विधायक अतुल भंसाली ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहर विधानसभा में सड़कों के लिए बजट राशि स्वीकृत की है। विधायक अतुल भंसाली ने बताया कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं नई सड़कों के निर्माण से यातायात सुगम होगा, जलभराव की समस्या में कमी आएगी तथा आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी।

**आम सूचना** अजय सिंह पुत्र पुसप सिंह, निवासी बैंक कॉलोनी, जोधपूर का एक खरीदशुदा, कब्जाशुदा, मालिकाना हक का पूर्व दिशा का भुखण्ड संख्या 05 का भाग कुल क्षेत्रफल 960 वर्गफीट खसरा संख्या 99, विष्णु नगर, ग्राम धिन्गाडी. जिला जोधपूर में आया हुआ है, जो अजय सिंह ने बेचानकर्ता माता सरूप कंवर से दिनांक 30.03.2015 को खरीदकर उप पंजीयक कार्यालय जोधपूर तृतीय में 2015030531022446 पर पंजीबद्ध किया गया तथा सम्पूर्ण भुखण्ड संख्या 05 कुल क्षेत्रफल 1920 वर्गफीट सरूप कँवर ने बैचानकर्ता राहुल बहैसियत आम मुख्तियार पदमाराम से खरीद कर दिनांक 18.03.2009 को उप पंजीयक कार्यालय जोधपूर द्वितीय में कम संख्या 2009003944 पर पंजीबद्ध किया गया एवं पदमाराम ने उक्त भुखण्ड संख्या 05 किशनाराम से दिनांक 23.11.2005 को खरीद किया था जिसका राजस्व रेकर्ड में नामान्तरण भी किया हुआ है। इस प्रकार बहिस्सा भुखण्ड संख्या 05 कुल क्षेत्रफल 960 वर्गफीट पर अजय सिंह का सार्वभौमिक कब्जा, उपयोग एवं उपभोग होने के कारण ईण्डिया शेल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा बासनी जोधपूर द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। इसलिये उक्त आम सुचना के जरिये सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को उक्त सम्पति के सम्बन्ध में कोई उजर ऐतराज हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को सम्पर्क कर तीन दिनो के भीतर आपति दर्ज करावें। बाद म्याद गुजरने कोई आपति स्वीकार्य नही होगी।
ईति दिनांक 07.02.2026
अभिनव सुथार, अधिवक्ता
R/1443/2005
वर्धमान कॉलोनी, आहोर, तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.) मो.नं. 9799152119

**कार्यालय जिला परियोजना प्रबंधन इकाई, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्, जालोर**
क्रमांक-1301 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक-19.02.2026
इस कार्यालय द्वारा राज सखी सरस मेला जालोर-2026 के आयोजन हेतु दिनांक 21.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक इवेन्ट मैनेजमेन्ट एजेन्सी के माध्यम से कार्य करवाये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.rajeevika.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
UBN No. ICD2526SSOB01945
जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका जालोर